हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 4 दिसंबर 2025

06 मुनि का साडा कॉलोनी से विहार कर प्रथम...



09 बैंक से रुपए निकालकर शाढ़ौरा जा रहे व्यापारी से कट्टे की नोंक पर...





## समाचार संक्षेप

### जिला जेल गुना में विश्व एड्स दिवस पर स्वास्थ्य कैंप का आयोजन



**गुना।** मध्य प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति के आदेशानुसार, कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन में तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी गुना और जिला एड्स नियंत्रण अधिकारी डॉ. अनुराग जैन के मार्गदर्शन में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जिला जेल गुना में स्वास्थ्य जागरूकता एवं स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन किया गया।जेल अधीक्षक श्री सिन्हा एवं देवेन्द्र गुप्ता के सहयोग से आयोजित इस कैंप में बड़ी संख्या में बंदियों ने हिस्सा लिया। आयोजित शिविर के दौरान कुल 71 बंदियों की हेपेटाइटिस, सिफलिस एवं एचआईवी की स्क्रीनिंग की गई। 71 मरीजों का टीबी एक्स-रे आदिल खान द्वारा किया गया। आईसीटीसी काउंसलर लालसिंह धाकड़ ने एचआईवी/एड्स संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान की और आईईसी सामग्री का वितरण किया। टीबी संबंधी जानकारी राकेश शर्मा द्वारा दी गई, जबकि कुष्ठ रोग के बारे में मुकेश शर्मा ने जागरूकता दी। एसटीआई संबंधी जानकारी काउंसलर सचिन्द्र भार्गव द्वारा दी गई। टीआई टीम से सीमा खान एवं चांदनी भारती द्वारा एचआईवी, सिफलिस एवं हेपेटाइटिस की स्क्रीनिंग की गई तथा सिफलिस पर विशेष जानकारी दी गई। कैंप के माध्यम से बंदियों को गंभीर संक्रमणों की जांच, रोकथाम और उपचार संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई गई।

### हेलमेट जागरूकता : अंबेडकर चौराहे पर अनोखे अंदाज़ में दिया सुरक्षित यात्रा का संदेश



**गुना।** सड़क सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शाम अंबेडकर चौराहे पर विशेष हेलमेट जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी ने सहभागिता करते हुए दोपहिया चालकों को सुरक्षा नियमों के पालन का संदेश दिया। अभियान की सबसे खास बात रही पुलिस कर्मियों द्वारा यमराज की अनोखी प्रस्तुति। इनके माध्यम से लोगों को बताया गया पिछले 3 वर्षों में सड़क दुर्घटना में जो मौतें हुईं, जिनमें से ज्यादातर हेलमेट न पहनने के कारण हुई। यमराज की प्रतीकात्मक शैली में हेलमेट पहनकर नियमों का पालन करने वाले चालकों के नाम 'बहीखाते' से काटे गए और उन्हें फूल देकर सम्मानित किया गया। वहीं बिना हेलमेट पकड़े गए चालकों को कड़ी चेतावनी दी गई और मौके पर ही ISI मार्क वाले हेलमेट उपलब्ध कराए गए। साथ ही बिना सीट बेल्ट, बिना बीमा, बिना HSRP जैसे अन्य उल्लंघनों पर भी कार्रवाई की गई।कलेक्टर कन्याल ने कहा—"अभी हम प्यार से समझा रहे हैं, लेकिन अब इस मुहिम को और तेज़ किया जाएगा। सड़क सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। हर नागरिक की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है, इसलिए हेलमेट पहनना न सिर्फ नियम है, बल्कि जीवन की सुरक्षा का संकल्प है।"पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी ने कहा—"हेलमेट आपकी ही नहीं, आपके पूरे परिवार की सुरक्षा है। पुलिस प्रशासन यह अभियान निरंतर सख़्ती और जागरूकता दोनों के साथ आगे बढ़ाएगा। बहुत जल्द जिले में ई-चालान कैमरा व्यवस्था भी प्रारंभ की जाएगी।"समापन पर कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने स्थल पर उपस्थित सभी नागरिकों को हेलमेट पहनने एवं यातायात नियमों का पालन करने की सामूहिक प्रतिज्ञा दिलाई। यह अभियान शाम के समय चलने के कारण लोगों का विशेष ध्यान आकर्षित करता रहा, और स्थल पर मौजूद नागरिकों ने सुरक्षा संदेश को दृश्यात्मक रूप से महसूस किया।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रदान की छात्रों को डिग्री

# एफडीडीआई के दीक्षांत समारोह में 16 छात्रों ने किया गुना का नाम रोशन





हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

फुटवियर डिजाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट (FDDI) के भव्य दीक्षांत समारोह 2025 में एफडीडीआई गुना के 16 विद्यार्थी शामिल हुए और अपनी उपलब्धियों से संस्थान तथा शहर को गौरवान्वित किया। समारोह डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली में आयोजित हुआ, जिसमें भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं और छात्रों को डिग्री प्रदान की। कार्यक्रम में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और राज्य मंत्री जितिन प्रसाद भी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल रहे। शीर्ष नेतृत्व की उपस्थिति ने आयोजन के महत्व और प्रभाव को और सशक्त किया। पूरे कार्यक्रम का समन्वय एफडीडीआई नोएडा एवं गुना की कार्यकारी निदेशक, मंजू 'मन' के नेतृत्व में किया गया, जिन्होंने तैयारियों से लेकर आयोजन के क्रियान्वयन तक प्रत्येक स्तर पर सक्रिय भूमिका निभाई। समारोह का आयोजन एफडीडीआई के प्रबंध निदेशक, विवेक शर्मा (IRS) के मार्गदर्शन में किया गया, जिन्होंने संस्थान को शिक्षा, कौशल और उद्योग–उन्मुख प्रशिक्षण से जोड़ने की दिशा में जोर दिया।

#### गुना के छात्रों के लिए बड़े अवसर

एफडीडीआई गुना में 12वीं के बाद बी.डेस. फैशन डिजाइन और फुटवियर डिजाइन एवं प्रोडक्शन, तथा स्नातक के बाद एमबीए रिटेल एवं फैशन मर्चेंडाइजिंग संचालित होते हैं। छात्रों को मल्टीनेशनल ब्रांड्स, प्रमुख उद्योगों, रिटेल सेक्टर और स्टार्ट-अप इकोसिस्टम में करियर के अवसर प्राप्त हो रहे हैं। दीक्षांत समारोह में मिली उपलब्धि गुना शहर, विद्यार्थियों के परिवारों और समुदाय के लिए गर्व का विषय है। एफडीडीआई गुना के छात्र अब भविष्य के डिजाइनर, प्रबंधक और उद्यमी के रूप में उद्योग में कदम रखने तैयार हैं।

### कर्नलगंज में लव जिहाद प्रकरण पर उबालः सकल हिंदू समाज ने कलेक्टर कार्यालय में की सख्त कार्रवाई की मांग

**गुना।** कर्नलगंज इलाके में 25 वर्षीय महिला को बहला-फुसलाकर लव जिहाद में फंसाने, उसके साथ दुष्कर्म करने, परिवार को धमकाने और देह व्यापार में धकेलने की कोशिश के मामले ने शहर में आक्रोश भड़का दिया है। बुधवार को सकल हिन्दू समाज के बड़ी संख्या में लोग नारेबाजी करते हुए कलेक्टोरेट पहुंचे और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर आरोपी अंसार कुरेशी तथा उसके नेटवर्क पर कठोर कार्रवाई की मांग की।ज्ञापन में बताया गया कि आरोपी ने पीड़िता को प्रेमजाल में फंसाकर लंबे समय तक शारीरिक शोषण किया तथा विरोध करने पर उसे व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। आरोपी द्वारा पीड़िता को देह व्यापार में धकेलने का भी प्रयास किया गया। पीड़िता के विरोध के बाद आरोपी उसके घर में घुसा, कैमरों में तोड़फोड़ की और सबूत नष्ट करने की कोशिश की। पुलिस द्वारा गिरफ्तारी के बाद भी कुछ लोग थाने पहुंचकर पीड़िता पर दबाव बनाने लगे, जिसे समाज ने कानून-व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती बताया।सकल हिन्दू समाज ने कहा कि कर्नलगंज क्षेत्र लंबे समय से असामाजिक तत्वों की गतिविधियों का केंद्र बना हुआ है, जिससे कई हिन्दू परिवार भय के कारण पलायन कर चुके हैं। समाज ने इन स्थितियों की जांच के लिए एसआईटी गठित करने और क्षेत्र में सख्त पुलिस कार्रवाई की मांग की। समाज ने कलेक्टर से आग्रह किया कि पीड़िता को सुरक्षा प्रदान की जाए और आरोपी व उसके नेटवर्क पर कठोरतम कानूनी कार्रवाई कर शहर में सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया जाए।



## सिंधिया की पहल पर गुना के किसानों के लिए 2674 मीट्रिक टन डीएपी उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जजिले में किसानों को खाद की कमी का सामना न करना पड़े, इसके लिए केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री तथा गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया की पहल पर 2675 मीट्रिक टन खाद गुना पहुँच चुकी है। यह पूरी खेप केंद्र एवं राज्य सरकार के समन्वित सहयोग से उपलब्ध कराई गई है। जिला प्रशासन द्वारा किसानों की सुविधा को देखते हुए आवश्यकतानुसार सहायता डेस्क, पानी और पंडाल आदि की व्यवस्था भी की गई है।कृषकों के लिए आज 2675 मीट्रिक टन यूरिया का रेक गुना पहुँचा है। खाद की यह खेप अब जिला प्रशासन और संबंधित अधिकारियों के पर्यवेक्षण में किसानों तक सुचारु, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पहुँचाई जा रही है, ताकि किसी भी किसान को अनावश्यक प्रतीक्षा या कठिनाई न हो। जिला प्रशासन ने वितरण के लिए पूरी व्यवस्था तैयार कर ली है जिसके तहत 1778 मीट्रिक टन यूरिया 4 दिसंबर से 71 प्राथमिक कृषि साख सोसायटियों के माध्यम से किसानों को वितरित होगा और शेष मात्रा का वितरण निजी अधिकृत डीलरों के माध्यम से किया जाएगा, ताकि किसी किसान को प्रतीक्षा न करनी पड़े। इसके अतिरिक्त एनएफएल से प्राप्त खाद भी लगातार डबल लॉक केंद्रों में पहुँच रही है, जिससे किसानों को तीनों माध्यम समिति, डबल लॉक केंद्र और निजी दुकानों पर पर्याप्त खाद उपलब्ध रहे।

### कलेक्टर व एसपी ने नानाखेड़ी खाद वितरण केंद्र का निरीक्षण किया

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी ने नानाखेड़ी खाद वितरण केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार सहित संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर एवं एसपी ने किसानों से सीधा संवाद किया। उन्होंने मंडी परिसर में खाद वितरण से जुड़ी व्यवस्थाओं, कतार प्रबंधन, सुरक्षा तथा उपलब्धता के बारे में किसानों से फीडबैक लिया। किसानों ने वर्तमान व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। कलेक्टर ने बताया कि जिले को नई रैक मिली है जिससे 73 समितियों के माध्यम से खाद वितरण किया जाएगा, साथ ही कुछ प्राइवेट केंद्रों द्वारा भी वितरण किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए प्राइवेट विक्रेता निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर खाद न बेचें, और यदि कोई विक्रेता अधिक कीमत मांगता है तो उसकी सूचना तत्काल प्रशासन को दें। उन्होंने कहा आने वाले दिनों में जिले को एक और खाद रैक प्राप्त होने को है।

# आदित्य पैलेस व मैरिज गार्डन का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शहर को आदित्य पैलेस एवं मैरिज गार्डन के रूप में जल्द ही एक नई सुविधा मिलने जा रही है। गुना-ग्वालियर बायपास पर भव्य तरीके से निर्मित होने वाले इस रिसार्ट का भूमिपूजन भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह सिकरवार की अगुवाई में संपन्न हुआ, जिसमें तमाम गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। इस अवसर पर मणिधारी समूह के अध्यक्ष आनंद सिंह लोढा ने जानकारी देते हुए बताया कि आदित्य पैलेस एवं मैरिज गार्डन सुरेन्द्र कुमार रघुवंशी एवं कृष्ण कुमार रघुवंशी (पिपरिया) द्वारा निर्मित किया जा रहा है। इस गार्डन में सर्वसुविधा युक्त 32 कमरे एवं स्वमिंग पूल, बच्चों के लिए गेमिंग जोन, 40 हजार वर्गफिट का गार्डन, शानदार एवं व्यवस्थित पार्किंग का निर्माण किया जाएगा। गौरतलब है कि इस आधुनिक आदित्य पैलेस एवं मैरिज गार्डन को मणिधारी समूह द्वारा संचालित किया जाएगा।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 371. मेश पटेल पिता\पति ईश्वर पटेल पता- चंगोरा भाटा रायपुर, 372. हेमांगी शांडिल्य पिता\पति अमृत शांडिल्य पता– रायपुर, 373. हरिशंकर चंद्राकर पिता\पति स्व. फूलसिंह चंद्राकर पता- सुन्दर नगर रायपुर, 374. रूप राम साहू पिता\पति चैन सिंह साहू पता - बोरिया खुर्द रायपुर, 375. मिथलेश आडिल पिता\पति अजीत राम आडिल पता- राम नगर चंगोरा भाठा रायपुर, 376. रूपराम देवांगन पिता\पति घसिया राम देवांगन पता- मथपुरेना रायपुर, 377. सृष्टि चंद्राकर पिता\पति देवेन्द्र कुमार चंद्राकर पता- छत्तीसगढ़ नगर टिकरापारा रायपुर, 378. जितेश कुमार देवांगन पिता\पति बलदेव देवांगन पता- शहीद भगत सिंह चौक टिकरापारा रायपुर, 379. एशिता सेन पिता\पति जितेन्द्र सेन पता- छत्तीसगढ़ नगर टिकरापारा रायपुर, 380. त्रिशा सिन्हा पिता\पति पदमलोचन सिन्हा पता- मोहंदा तरपोंगी रायपुर, 381. अनन्या साहु पिता\पति रोशन लाल साहु पता- सरकडा पोस्ट पांडुका, 382. देवानंद साहू पिता\पति महेतरू राम साहू पता- दहदहा धमतरी, 383. लता बाई साहू पिता\पति सनत राम साहू पता- बकली कुरूद धमतरी, 384. सैय्यद मख्मूद अली पिता\पति सैय्यद महमूद अली पता- सिहावा चौक धमतरी, 385. थानेखर सिन्हा पिता\पति राम कुमार सिन्हा पता- भोथिपार खुर्द नयापारा राजनादगांव, 386. पशुपति नाथ ताम्रकार पिता\पति स्व. शंकर लाल ताम्रकार पता- गैंदाटोला राजनादगांव, 387. सुनीता सोनी पिता\पति राकेश कुमार सोनी पता- सोनार पारा राजनादगांव, 388. चित्रांश चौहान पिता\पति हेमंत कुमार चौहान पता- बेमेतरा, 389. झामिन देवांगन पिता\पति हरीश कुमार देवांगन पता- सरगपाल कांकेर, 390. ईश्वर चंद खिस्ती पिता\पति स्व. सूर्यकान्त खिस्ती पता- चितौद पुरुर धमतरी, 391. सरिता राव पिता\पति M.G. राव पता- नयापारा जगदलपुर, 392. राजेंद्र सिदार पिता\पति वासुदेव सिदार पता- अयोध्या नगर महासमुंद, 393. बेला शर्मा पिता\पति विजय कुमार शर्मा पता- AH\34 कलेक्टर कॉलोनी कवर्धा, 394. कुंदन वर्मा पिता\पति भेलेंद्र कुमार वर्मा पता- अर्जुनी, 395.मिथलेश ठाकुर पिता\पति लक्ष्मा ठाकुर पता- डी.एन. के. कोंडागांव, 396. हर्षित टंडन पिता\पति द्वारिका प्रसाद पता- क्वा.2/C 15 जोन- 1 खुर्सीपार, 397. निर्मल सिंह पिता\पति स्व.तेजा सिंह पता- Q.N.-90/Jकैंप -01 भिलाई, 398. केशव दास साहू पिता\पति दानी राम साहू पता-वार्ड न.-27 सुभाष नगर खुर्सीपार भिलाई, 399. खिलेश देवांगन पिता\पति चैत लाल देवांगन पता- क्वा. न. 5\H जोन-01 खुर्सीपार भिलाई, 400. अन्नपूर्णा साहू पिता\पति तुला राम साहू पता-रामनगर भिलाई, 401. चैतन्य साहू पिता\पति तेजप्रकाश साहू पता-अंजोरा दुर्ग, 402. रेखचंद ठाकुर पिता\पति रोमन ठाकुर पता- गनियारी दुर्ग, 403. सतीश देवांगन पिता\पति स्व.जीवन लाल देवांगन पता- कोष्टा पारा देवांगन, 404. पंकज कुमार पटेल पिता\पति स्व. नन्द कुमार पटेल पता- पटेल पारा वार्ड क्र.57 उरला दुर्ग, 405. समय लाल साहू पिता\पति नजऊ राम साहू पता-पुरनी बस्ती पोटियाकला दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण**- 406. नारायण कुमार सोनी पिता/पति -महेंद्र कुमार सोनी पता– बड़ौदा, 407. दिनेश देवांगन पिता/पति लखन लाल देवांगन पता- मेन रोड गांधी चौक सिवनी चांपा, 408. अननिया शराफ़ पिता/पति यशवंत शराफ़ पता– बलौदा, 409. महेंद्र कुमार सोनी पिता/पति शिव कुमार सोनी पता- बलौदा सोनरपारा, 410. अखिलेश्वर प्रसाद पिता/पति स्व. रेशम लाल पता- पौना जांजगीर, 411. अरुण कुमार यादव पिता/पति प्रकाश चंद यादव पता- खोखासा वार्ड- 4 जांजगीर, 412. रामेश्वर कुमार सूर्यवंशी पिता/पति पीसोद जांजगीर, 413. विकेश यादव पिता/पति रघुलाल यादव पता- पुरानी बस्ती नैला वार्ड-4, 414. पीयूस यादव पिता/पति तिवारी पारा खरौद नगर जांजगीर रायगढ़ जिला 415. रूप दर्शन पिता/पति अजय कुमार दर्शन पता- केलो विहार कालोनी, 416. ललित गुप्ता पिता/पति श्याम चंद्र गुप्ता पता- कंसबेल 417. लालिमा चौहान पिता/पति जीवरधन चौहान पता- बेलाडुल खररघाट, 418. जीवर्धन प्रसाद चौहान पिता/पति स्व. सुकमुना चौहान पता- बेलाडुल रायगढ़ 419. श्याम सिंह ठाकुर पिता/पति स्व. अमरनाथ सिंह ठाकुर पता- दारोगपारा रायगढ़ मुंगेली जिला, 420. प्रिया तंबोली पिता/पति मनीष तंबोली पता- शिक्षक नगर आंबेडकर वार्ड मुंगेली 421. श्रृंखला शर्मा पिता/पति चंद्रशेखर शर्मा पता- मुंगेली, 422. डॉली श्रीवास पिता/पति कमलेश श्रीवास पता- अग्रसेन वार्ड, 423. संतोष कुमार पाठक पिता/पति स्व. सलिक राम पाठक पता- मुंगेली, 424. अक्षय कुमार देवांगन पिता/पति राजेश देवांगन पता- पड़ाव पारा मुंगेली, 425. रितिका देवांगन पिता/पति बसंत देवांगन पता- आंबेड़कर वार्ड मुंगेली, 426. धीरज बांध पिता/पति संदीप बांध पता- मिशन कम्पाउन्ड मुंगेली, 427. दिवांश पटेल पिता /पति वार्ड-1 सूरदा देवरी, 428. आंचल पटेल पिता/पति वार्ड-1 सड़क पारा सूरदा देवरी मुंगेली, **भोपाल संस्करण** - 429. अंशुल सेन पिता\पति विनोद सेन पता- ई-6 जनता कॉलोनी अरेरा कॉलोनी, 430. पूजा सेन पिता\पति विनोद सेनशाहपुरा, 431. रोशन रैकवार पिता\पति विमल रैकवार पता- 21 श्याम नगरभोपाल, 432 .दिनेश कुमार पटेल पिता\पति रामसलोने पता-पटेलशॉप 18 मेट्रो वॉक विटटन मार्केट, 433. रवि कुमार पाण्डेय पिता\पति किशन पाण्डेय पता-विश्वकर्मा नगर, 434. नीरज चौबे पता- विदिशा पेढ़ी स्कूल के पास, 435. रानी कुशवाह पिता\पति सुनील कुशवाह पता- विदिशा, 436. आदित्य सक्सेना पिता\पति मनोज सक्सेना पता- मकान नं.115 फेस-3 अरिंहंत विहार विदिशा, **जबलपुर संस्करण** 437. नरेंद्र कुमार जैन पिता\पति स्वर्गी कोमल चंद्र जैन गोल बाजार जबलपुर, 438. प्रेमा नारायण पिता\पति बसु देव संजय गांधी नगर कटंगा जबलपुर, 439. अंश सोनोने पिता\पति शरद सोनोने पता- 970 मंजू पर्थ दीक्षित पूरा उपरैनगंज डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद वार्ड जबलपुर, 440. प्रिथम नायक पिता\पति प्रदीप नायक पता- नेहरू वार्ड क्रमांक 8 पाटन, 441. सुजीत कुमार द्विवेदी पिता\पति श्री रमेश प्रसाद द्विवेदी वार्ड नंबर 1 अनूपपुर, 442. जितेंद्र गौतम पिता\पति स्वर्गीय बाला प्रसाद गौतम अनूपपुर कोतमा, 443. आरती गुप्ता पिता\पति अभिनेश गुप्ता वार्ड नंबर 6 पुरानी बस्ती कोतमा, 444. अर्चित पांडे पिता\पति भानु कुमार पांडे कोतमा।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

### 250 श्रद्धालुओं ने ऑनलाइन पंजीकरण करवाया था

# कामाख्या देवी दर्शन के लिए यात्रियों को किया रवाना





हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना


मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत कामाख्या देवी दर्शन के लिए भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार ने भारत गौरव ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मीडिया प्रभारी अंकुर श्रीवास्तव ने बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत 250 श्रद्धालुओं ने ऑनलाइन पंजीकरण करवाया था गुरुवार उन सभी यात्रियों को भाजपा जिलाध्यक्ष सिकरवार ने पुष्पहार भेंट कर सम्मानित किया और शुभ यात्रा के लिए रवाना किया साथ ही इस योजना के लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का धन्यवाद करते हुए आभार जताया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल, पुलिस अधीक्षक अमित सोनी, नपाध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता, सीएमओ मंजूषा खत्री,मंडल अध्यक्ष परेश भार्गव, रामकुमार शर्मा, बारेलाल धाकड़, संजय श्रीवास्तव, तेज सिंह यादव, पवन यादव मनोज पंत, राजेंद्र सिकरवार आदि उपस्थित रहे।

### विनायक ने सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक

**गुना।** राजस्थान के बाड़मेर में आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में गुना के कथाकार एवं ज्योतिषी पंडित लखन शास्त्री के पुत्र विनायक उपाध्याय ने सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में भाग लेते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीतने में सफलता प्राप्त की। पंडित लखन शास्त्री ने बताया कि विनायक उपाध्याय शारदा विद्या विहार भोपाल में कक्षा दसवीं में अध्ययनरत हैं। विद्यालय से ही उनका चयन उक्त प्रतियोगिता के लिए किया गया था।

**समाचार संक्षेप**

## आरोन में अरनाथ जन्मोत्सव पर महा मस्तिकाभिषेक व नगर भोज का आयोजन हुआ



**आरोन।** आरोन जैन समाज द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी 18वे तीर्थंकर एवं आरोन नगर के बड़ा जैन मन्दिर के मूलनायक भगवान श्री अरनाथ स्वामी का जन्मोत्सव आचार्य श्री विद्यासागर पूर्ण भक्ति भाव से मनाया गया। आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य वात्सल्य मूर्ति बीजाक्षर प्रणेता मुनि श्री दुर्लभ सागर जी एवं क्षुल्लक श्री निर्धूम सागर महाराज के मंगल सानिध्य में बड़ा प्रातः बड़ा जैन मन्दिर में मूलनायक अरनाथ भगवान की विशेष शांतिधारा एवं महा मस्तिकाभिषेक किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जैन समाज अध्यक्ष विजय डोडिया एवं चातुर्मास कमेटी के अध्यक्ष मिंटूलाल जैन,स्वागत अध्यक्ष मुनेश जैन बाख़र, संजय जैन कंचू,सोनू जैन पारस, डॉ.नीलेश जैन, गोलू झंडा, संजीव रामपुर, नीलेश खजाना,अनीता जैन ने फीता काटकर किया। प्रति वर्ष की भांति इस बार भी वर्धमान कॉम्पलेक्स में नगर भोज का आयोजन किया गया इस नगर भोज में आरोन नगर के सर्व समाज के लोगों का भोजन प्रसादी के रूप में सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों लोगों ने इस भोजन प्रसादी को ग्रहण किया। शांतिधारा अभिषेक करने का सौभाग्य राजेश जैन विकाश जैन मंडीदीप,राजमल अंकित जैन भूमिरिया,दिलीप जैन पुंज जैन झंडा परिवार,सुरेश चंद नरेश चंद आशीष जैन मोनू जैन बिक्की जैन पारस पिपरई पारस परिवार को प्राप्त हुआ।

## जर्नलिस्ट्स यूनियन ऑफ़ मध्यप्रदेश जम्प के प्रांतीय अध्यक्ष रहे 1 दिवसीय आरोन प्रवास दौरे पर



**आरोन।** जर्नलिस्ट्स यूनियन ऑफ मध्य प्रदेश (जम्प) के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ.अरुण सक्सेना ने आज गुना जिले के आरोन में एक दिवसीय प्रवास के दौरान स्थानीय पत्रकारों के साथ विस्तृत बैठक की। आरोन के रेस्ट हाउस में आयोजित इस सभा में भारतीय श्रमजीव पत्रकार संघ के राष्ट्रीय सह-प्रवक्ता डॉ.कमल आलोक प्रसाद, जंप के प्रांतीय संगठन सचिव राहुल सक्सेना, हर्ष नायक संभागीय महासचिव रोहित सक्सेना, संभागीय सचिव अंचल सक्सेना, जिला अध्यक्ष अंसार खान, जिला महासचिव मनोज लाल अहिरवार, जिला कार्यकारी प्रभारी किशन कश्यप, गोलू सेन, आरोन जंप ब्लॉक के अध्यक्ष राजीव जैन, ब्लॉक उपाध्यक्ष उदयभान बंटी राजपूत, ब्लांक महासचिव लकी श्रीवास्तव ब्लॉक संगठन सचिव डॉक्टर नीलेश जैन वरिष्ठ पत्रकार लखन सिंह रघुवंशी, राकेश जैन, गौरव शर्मा कृष्णा त्यागी, राजेश सिंघई प्रमोद श्रीवास्तव, विश्वास भार्गव, हिंदू टाइगर फोर्स के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष हरि सिंह राजपूत, लोकेंद्र सिंह राजपूत, सोनू ग्वाल, भूपेंद्र ओझा, विशाल रघुवंशी आदि ने भाग लिया।

## मुनि संघ की राघौगढ़ में ऐतिहासिक अगवानी हुई

# मुनि का साडा कॉलोनी से विहार कर प्रथम राघौगढ़ आगमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

दिगंबर जैन आचार्य संत शिरोमणि विद्यासागर महाराज के ज्येष्ठ श्रेष्ठ शिष्य निर्यापक मुनि योग सागर महाराज सत्संग का धर्म नगरी राघौगढ़ में प्रथम आगमन हुआ। मुनि संघ ने दोपहर में साडाकॉलोनी जैन मंदिर से पद विहार कर राघौगढ़ के लिए प्रस्थान किया।

साडाकॉलोनी मार्ग नायरा पंप से ही दिगंबर जैन समाज राघोगढ़ के सैकड़ो लोगों ने गाजे बाजे से मुनि संघ की अगवानी की। सबसे पहले संत सुधा सागर धाम स्थित संभवनाथ जिनालय के दर्शन किये। वहां से चलकर नगर के मुख्य मार्ग से होकर श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुंचे।जहां मुनि संघ ने मंदिर



के दर्शन किए एवं मंगल प्रवचन हुए। मुनि योग सागर जी महाराज ने कहा आपका पुण्य था यहां संघ आया है। राघौगढ़ के मुनि निर्लेप सागर हमारे संघ के मुनि है। जैन धर्म अनादि निधन धर्म है। आपने राघौगढ़ के दोनों मंदिरों के निर्माण की सराहना करते हुए कहा आपने मंदिरों का भव्य निर्माण कर धन का सदुपयोग किया है। राघौगढ़ का नाम मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के नाम पर है। भगवान श्री राम मर्यादा पुरुषोत्तम थे इस राघौगढ़ नगरी में आकर हमें सुखद अनुभव हो रहा है।मुनि संघ के आगमन को लेकर जैन समाज राघौगढ़ में भारी उत्साह था। जगह-जगह स्वागत द्वार बनाए गए थे, सड़क पर मनभावन रंगोली बनाई गई थी। धर्म प्रेमी जनों ने अपने निवास के बाहर ज्येष्ड श्रेष्ठ निर्यापक मुनि योग सागर जी महाराज का पाद प्रक्षालन किया। जुलूस में जैन वीर सेवा दल जामनेर एवं कुंभराज के दिब्यघोष,बैंड, ढोल के साथ महिला एवं पुरुष गणवेश में चल रहे थे।गगनभेदी जयकारे लगा रहे थे। प्रातः काल श्री वासु पूज्य जिनालय साडा कॉलोनी में भगवान का अभिषेक एवं शांति धारा मुनि संघ के पावन सानिध्य में हुई। प्रातः काल साडा कॉलोनी में विशाल धर्म सभा को निर्यापक मुनि योग सागर जी महाराज ने मंगल प्रवचन दिए आहारचार्य भी साडा कॉलोनी में हुई।

## विश्व दिव्यांग दिवसः जागरूकता रैली निकाली, नाटक किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर मन मेंटल हेल्थ अवेयरनेस एंड नेटवर्किंग सोसाइटी, गुना द्वारा संचालित मन स्पेशल स्कूल जो गुना जिले का एकमात्र मान्यता प्राप्त विद्यालय है जहाँ बौद्धिक दिव्यांगता वाले बच्चों के लिए विशेष शिक्षा एवं पुनर्वास सेवाएँ उपलब्ध कराई जाती हैं द्वारा आज एक भव्य जागरूकता रैली एवं नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वन मंडल अधिकारी (DFO) अक्षय राठौर ने हरी झंडी दिखाकर किया। रैली में दिव्यांग बच्चों, शिक्षकों, प्रशिक्षणार्थियों तथा मन कॉलेज के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।रैली का पहला पड़ाव भुल्लनपुरा चौराहा रहा, जहाँ मन कॉलेज ऑफ़ स्पेशल एजुकेशन एंड साइकोलॉजिकल स्टडीज़ के बी.एड विशेष शिक्षा (बौद्धिक दिव्यांगता) तथा डी.एड (IDD) के विद्यार्थियों ने बौद्धिक दिव्यांगता की प्रकृति, इसके कारण, जोखिम कारक तथा समय पर पहचान के महत्व पर आधारित प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने बताया कि बौद्धिक दिव्यांगता कोई बीमारी नहीं, बल्कि एक विकासात्मक अवस्था है जिसमें बच्चों को सीखने, समझने और सामाजिक कौशल विकसित करने में सामान्य से अधिक समय लगता है। भारत में लगभग 1–2% बच्चों में बौद्धिक दिव्यांगता पाई जाती है और ग्रामीण क्षेत्रों में यह प्रतिशत अधिक देखने में आता है। साथ ही मन स्पेशल स्कूल की प्रमुख सेवाओं विशेष शिक्षा, स्पीच थेरेपी, ऑक्यूपेशनल थेरेपी, व्यवहार थेरेपी, मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन, IEP (व्यक्तिगत शैक्षणिक योजना), जीवन-कौशल प्रशिक्षण तथा अभिभावक मार्गदर्शन की जानकारी नागरिकों को दी गई। अभिभावकों को विद्यालय की सरल, पारदर्शी एवं मूल्यांकन आधारित प्रवेश प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया। इसके पश्चात रैली भुल्लनपुरा से जयस्तंभ चौक तक निकाली गई। जयस्तंभ पर PDCP तथा एम.फिल क्लीनिकल साइकोलॉजी के विद्यार्थियों द्वारा दिव्यांगता—अधिकार, सम्मान और समान अवसर" विषय पर आधारित एक और प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुति में समावेशी शिक्षा, सरकारी योजनाओं का उपयोग, परिवार का समर्थन तथा सामाजिक संवेदनशीलता को प्रमुखता से दर्शाया गया।

## माध्यमिक विद्यालय सकतपुर विकासखंड गुना में लायंस क्लब ने बांटे 276 बच्चों को गर्म कपड़े और स्वेटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शासकीय माध्यमिक विद्यालय उदयपुर सकतपुर विकासखंड गुना जिला गुना में 276 बच्चों को लायंस क्लब गुना के सहयोग से गर्म कपड़े और स्वेटर का वितरण कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरीश रात्रा जिला अध्यक्ष लाइंस क्लब गुना, विशिष्ट स्थिति जगबीर सिंह चौहान सरपंच ग्राम पंचायत सकतपुर प्रभात गोंडल , रवि मंगल, महेश रघुवंशी, अमरजीत सलूजा लायंस क्लब सदस्य का, कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक मनोज कुमार शर्मा ने की कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के आगे दीप प्रचलित कर और माल्यार्पण कर किया गया। मां सरस्वती की वंदना छात्रा कुमारी कामिनी कुशवाहा खुशबू कुशवाहा और सपना केवट द्वारा कर की गई । कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राजीव कुमार शर्मा द्वारा किया गया । कार्यक्रम नगर मंडल मीडिया प्रभारी मुकेश ओझा बताया में कक्षा 1 से लेकर आठ तक के सभी बच्चों को गर्म कपड़े और स्वेटर का वितरण सभी अतिथियों के द्वारा किया गया । ठंड के इस मौसम में सभी बच्चे गर्म कपड़े और स्वेटर पाकर बहुत प्रसन्न हुए और बाल कैबिनेट और विद्यालय परिवार ने लायंस क्लब और अतिथियों का बहुत-बहुत धन्यवाद और आभार प्रकट किया । कार्यक्रम में विद्यालय के स्टाफ मनोज कुमार टाटिया ,ममता मोहन , सत्येंद्र रघुवंशी, मिलयानी और समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया ।

## पेंची में गूंजे श्रीराम के जयकारे, रावण वध के साथ बुराई पर अच्छाई की जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांचौड़ा

ग्राम पेंची स्थित मनसापूर्ण हनुमान मंदिर प्रांगण में चल रही संगीतमय श्रीराम कथा के आठवें दिन बुधवार को कथा व्यास पंडित कपिल कुमार शर्मा नीलगिरी आश्रम, ब्यावरा ने लंका कांड और रावण वध का मार्मिक वर्णन किया। कथा श्रवण करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े।पंडित कपिल शर्मा ने कथा प्रसंग सुनाते हुए कहा कि वनवास काल में प्रभु श्रीराम ने त्याग और तपस्या का



जो उदाहरण प्रस्तुत किया, वह आज भी प्रासंगिक है। कथा को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने बताया कि जब रावण का अहंकार चरम पर पहुँच गया, तब प्रभु श्रीराम ने वानर सेना के साथ लंका पर चढ़ाई की।अहंकार का अंत ही रावण वध हैव्यास पीठ से पंडित जी ने समझाया कि रावण वेदों का ज्ञाता और महाबलशाली था, लेकिन उसका अहंकार ही उसके विनाश का कारण बना। जब युद्ध भूमि में रावण के सिर कटने पर भी उसकी मृत्यु नहीं हो रही थी, तब विभीषण के संकेत पर प्रभु श्रीराम ने अग्निबाण छोड़कर रावण की नाभि में स्थित अमृत को सोखा और उसका वध किया। जैसे ही रावण का विशाल शरीर धराशायी हुआ, पूरा पंडाल ₹राजा रामचंद्र की जय₹ के उद्घोष से गूंज उठा। पंडित जी ने संदेश दिया कि रावण का वध केवल एक अंत नहीं, बल्कि अधर्म और अहंकार का अंत है।आज होगा राज्याभिषेकआयोजक समिति ने बताया कि आज कथा का अंतिम दिवस विश्राम है। गुरुवार, 4 दिसंबर को श्रीराम राज्याभिषेक का उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा और प्रसादी वितरण के साथ कथा का समापन होगा।

## संपूर्ण जिले की व माइक्रो बीट में लगाए गए प्रभारी अधिकारी और कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिले के सभी थानों के क्षेत्र को नई संरचना के तहत बीट एवं माइक्रो बीट में सुव्यवस्थित रूप से विभाजित किया गया है। प्रत्येक बीट के लिए उप निरीक्षक/सहायक उप निरीक्षक को प्रभारी बनाया गया है, वहीं सूक्ष्म स्तर पर निगरानी एवं जनसंपर्क मजबूत करने हेतु प्रत्येक माइक्रो बीट पर प्रधान आरक्षक/आरक्षक को प्रभारी नियुक्त किया गया है।

आमजन को सीधे पुलिस सहायता उपलब्ध कराने हेतु सभी बीट एवं माइक्रो बीट क्षेत्रों में थाना प्रभारी, बीट प्रभारी एवं माइक्रो बीट



प्रभारी के नाम, पदनाम, मोबाइल नंबर एवं फोटो सहित पहचान बैनर सार्वजनिक स्थानों पर लगाए गए हैं, ताकि किसी भी प्रकार की शिकायत या आपात स्थिति में नागरिक बिना विलंब सीधे संबंधित अधिकारी से संपर्क कर सकें। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा सभी बीट एवं माइक्रो बीट प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि वह अपने-अपने क्षेत्र में निरंतर भ्रमण करते हुए, आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं संवेदनशील समाधान सुनिश्चित करें तथा किसी भी असामाजिक गतिविधि की जानकारी मिलने पर तत्काल प्रभावी कानूनी कार्यवाही करें। अशोकनगर पुलिस सभी नागरिकों से अपील करती है कि अपने क्षेत्र में नियुक्त पुलिस अधिकारियों के साथ सहयोग एवं समन्वय बनाए रखते हुए, समाज में शांति एवं कानून-व्यवस्था कायम रखने में पुलिस का सहयोग करें।



## नगर परिषद द्वारा सख्ती से चलाया जा रहा वसूली अभियान

**मुंगावली।** नगर परिषद सीएमओ विनय कुमार भट्ट के निर्देश पर नगर में प्रतिदिन सख्ती से वसूली अभियान नगर के वार्ड प्रत्येक वार्ड में चलाया जा रहा है। दल गठित किए गए हैं जो घर घर जाकर नल टैक्स एवं समेकित/संपत्ति कर की रसीद चेक कर रहे हैं टैक्स जमा न होने पर नल कनेक्शन काटे जाएंगे एवं बकायादारों को दोबारा नल कनेक्शन नहीं दिया जाएगा। समेकित/संपत्ति कर जमा न होने पर संपत्ति कुर्की की कार्यवाही की जाएगी। बुधवार को भी वसूली टीम द्वारा नगर के पालीवाल कॉलोनी में वसूली कार्यवाही की गई जिसमें बकायादारों से जल कर 19000 रूपये एवं समेकित/संपत्ति कर 4000 हजार रूपये वसूला गया। वसूली कार्यवाही में नगर परिषद से जलकर वसूली प्रभारी नवेद क़ाज़ी के साथ राजकुमार विश्वकर्मा वीरू आदिल खान धनसिंह मोंगिया आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जिला स्तर पर दिव्यांग बच्चों के लिए खेलकूद व सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

विश्व दिव्यांवग दिवस के अवसर पर बुधवार को समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत दिव्यांग बच्चों का जिला स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन शा.उत्कृष्ट उ.मा.वि.क्र.04 अशोकनगर(पठार मोहल्ला) में किया गया।

जिला अशोकनगर अंतर्गत चारों विकासखण्डों में आयोजित प्रतियोगिता में चयनित प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त छात्र,छात्राओं एवं हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी में अध्ययनरत छात्र,छात्राओं द्वारा सहभागिता की गई। शुभारंभ न्यायाधीश मनीष अनुरागी, प्रिया




चैहान, एडीएम डी.एन.सिंह, नगरपालिका उपाध्यक्ष रीना मनोज शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी चन्द्रशेखर सिसोदिया, डीपीसी राहुल शर्मा, सहायक संचालकएनिश जैन, बाल समिति के अध्यक्ष ब्रजकिशोर शर्मा विष्णु विरथरे एडवोकेट, प्राचार्य सीमा जैन, अभिषेक चैधरी एपीसी द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। जिसमें रंगोली प्रतियोगिता, चित्रकला, मेंहदी, कुर्सी दौड़, चम्मच दौड़, नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त छात्र,छात्राओं को पुरस्कार वितरण किया गया।

## यूरिया के अवैध परिवहन पर राजस्व, कृषि विभाग की कार्रवाई

अशोकनगर। यूरिया खाद के अवैध परिवहन की सूचना प्राप्त होने पर बुधवार को राजस्वं एवं कृषि विभाग द्वारा संयुक्त कार्यवाही की गई। जिसके क्रम में राजस्व एवं कृषि विभाग के संयुक्त दल द्वारा ईसागढ रोड स्थित विकास ट्रेडर्स के गोदाम का औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें यूरिया एवं डी.ए.पी. खाद का संदिग्ध भण्डारण पाया गया। गोदाम में 56 बैग डी.ए.पी. एवं 10 बैग यूरिया खाद को जप्त कर दुकान एवं गोदाम को शील किया गया है। न्यू हॉलेण्ड ट्रेक्टर ट्रॉली में 230 बैग यूरिया तथा एक अन्य स्वराज ट्रेक्टर ट्रॉली में 350 बैग यूरिया को अवैध परिवहन करते पाये जाने से मौके से जप्त कर थाना देहात अशोकनगर में रखवाया गया है। एवं नईसंराय में अवैध परिवहन करते हुई एक 03 पिक वाहन पकडे गये है। जिसमें क्रमश 90,80,70 बोरी रखी पाई गई जिनको ईसागढ थाने में रखवाया गया । एक ट्रेक्टर पकड़ा गया है जो कि नईसंराय थाने में रखवाया गया है। मामले की जांच की जा रही है। खाद किससे लेकर कहा भेजा जा रहा था। अवैध परिवहन पाये जाने पर कार्रवाई की जायेगी।

## सेवोत्तम लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2010 विषय पर जिला स्तरीय प्रशिक्षण



*अशोकनगर। आर.सी.व्ही.पी.नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी भोपाल के सौजन्य से एवं कलेक्टरर आदित्यस सिंह के निर्देशानुसार स्थानीय ई-दक्ष केंद्र अशोकनगर मे "सेवोत्तम" लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2010 विषय पर एल-1,एल-2 अधिकारियों दो दिवसीय प्रशिक्षण 03 एवं 04 दिसंबर को आयोजित किया जा रहा है। अकादमी द्वारा बनाए गए मास्टर ट्रेनर निरपाल सिंह पँवार वरिष्ठ प्रशिक्षक ई-दक्ष और मास्टर ट्रैनर बी.एम. जकेले जिला प्रबंधक, लोक सेवा प्रबंधन विभाग द्वारा सेवोत्तम मॉडल, सुशासन, लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2010,सीएम हेल्पलाइन विषय पर विस्तृत जानकारी दी गई। जिससे नागरिकों को सुलभ एवं सुविधाजनक तरीके से शासन की योजनाओ का लाभ दिया जा सके। प्रशिक्षण मे स्वास्थ्य विभाग,शिक्षा विभाग,किसान कल्याण विभाग ,वन विभाग एवं अन्य के अधिकारी उपस्थित हुए।*

## कलेक्टर की अध्यक्षता में एपीसी बैठक हुई



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

कलेक्टर आदित्य सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में एपीसी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी, सहकारिता और संबंधित विभागों की योजनाओं की प्रगति और आगामी लक्ष्यों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में कलेक्टार ने निर्देश दिए कि कृषि आधारित शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के अंतर्गत हितग्राहियों को अधिक से अधिक लाभ मिले यह सुनिश्चित किया जाए। उन्हों नें निर्देश दिए कि वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु संबंधित विभागीय योजनाओं के लक्ष्यों को समय सीमा में पूर्ण करें। उन्होंने कृषि विभाग के अंतर्गत जैविक खेती,उद्यानिकी फसलों को बढावा देने तथा कृषि उद्यमी के संबंध में आवश्याक निर्देश दिए। साथ ही उर्वरक वितरण व्यवस्था, नरवाई प्रबंधन, कस्टम हायरिंग सेंटर और बीज उपलब्धता की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र के लिए आगामी कार्ययोजना बनाये जाने के निर्देश दिए।

## तीर्थदर्शन यात्रा पर यात्रियों को अपर कलेक्टर ने किया रवाना



अशोकनगर। अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह द्वारा मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत कामाख्या तीर्थयात्रा हेतु अशोकनगर जिले से चयनित 250 तीर्थयात्रियों को बुधवार को अशोकनगर रेलवे स्टेशन से विशेष ट्रेन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। उन्होंने तीर्थयात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कामाख्या तीर्थयात्रा यात्रियों के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य लेकर आए। यात्रा मंगलमय हो, कामाख्या माता की कृपा सदैव बनी रहे और वे सकुशल लौटकर अपने परिवार व समाज की सेवा में पुनः जुटें। कामाख्या तीर्थयात्रा हेतु विशेष ट्रेन 08 दिसम्बर को अशोकनगर वापिस आयेगी। अशोकनगर रेलवे स्टेमशन पर तीर्थयात्रियों का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर एसडीएम अशोकनगर शुभ्रता त्रिपाठी,मुख्ये नगरपालिका अधिकारी अशोकनगर विनोद उन्नीतान,जनप्रतिनिधिगण मनोज शर्मा,धर्मेन्द्र रघुवंशी उपस्थित रहे।

## इलेक्ट्रॉनिक्स व हार्डवेयर के बच्चों को कराया औद्योगिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

बहादुरपुर में मंगलवार को कस्बे के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा 9 से 12 के इलेक्ट्रॉनिक एंड हार्डवेयर ट्रेड के छात्रों को औद्योगिक भ्रमण कराया। इस दौरान छात्रों को रोजगार उन्मुख प्रशिक्षण लिया। कस्बे में गुरुकृपा ट्रांसफार्मर वर्कशॉप पर पहुंचकर बच्चों ने सीखा कि ट्रांसफार्मर में कॉइल किस प्रकार बदलना है। किस प्रकार ट्रांसफार्मर में ऑयल बदलना है। ट्रांसफार्मर में 11 केवी लाइन से इनपुट और आउटपुट करंट का निकलना



ट्रांसफार्मर को किस प्रकार हीटिंग किया जाता है। ट्रांसफार्मर के आंतरिक पाट्र्स की संरचना आदि की जानकारी दी गई। प्राचार्य रविशंकर शर्मा, व्यावसायिक प्रशिक्षक अशोक ठाकुर, कंप्यूटर स्टैक्टर रामबाबू विश्वकर्मा, अतिथि शिक्षक लक्ष्मीनारायण पटवा, प्राथमिक शिक्षक संध्या डहरिया उपस्थित रहीं।

## खबर संक्षेप

### एसपी ने आरक्षक को निलंबित किया

**अशोकनगर।** जिले के चन्देरी कस्बे में मनोज प्रजापति ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी, इस घटना में मृतक की पत्नी आरती प्रजापति ने पुलिस पर प्रताड़ति करने का आरोप लगाया था और चन्देरी के दिल्ली दरवाजे पर जाम लगाकर विरोध प्रदर्शन किया गया था। इस घटना में आरक्षक सोबरन सिंह द्वारा पैसों की मांग की जा रही थी। इस घटना को गंभीरता से लेते हुए एसपी राजीव कुमार मिश्रा ने आरक्षक सोबरन सिंह को निलंबित कर दिया है और पूरे मामले की जांच की जा रही है।

### जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत सुरेन्द्र नायक निवासी ग्राम कुम्हरिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी समुन्दर सिंह, पिन्टू नायक, लक्ष्मणसिंह, शैतान सिंह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम चिरौली निवासी संतोष लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी उदयपाल और हल्कई, लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से हल्कई लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि संतोष लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### 18 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

**अशोकनगर।** जिले के चन्देरी थाने के अंतर्गत ग्राम बेंहटीं निवासी आकांशा पुत्र नारायण आदिवासी उम्र 18 साल ने घर के कमरे में अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

## चार बदमाशों ने 2 बाईकों से आकर घटना को दिया अंजाम

# बैंक से रुपए निकालकर शाढ़ौरा जा रहे व्यापारी से कट्टे की नोंक पर 20 लाख लूटे




हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

बुधवार को दिन दहाड़े अशोकनगर से 10 किलोमीटर दूर रेलवे फाटक और नगऊखेडी के बीच मुख्य सड़क मार्ग पर शाढ़ौरा के व्यापारी पर कटटे से हमला कर 20 लाख रूपए लूटने का मामला सामने आया है। यह आरोपी 2 बाईकों से आए थे। इस घटना में व्यापारी और बदमाशों के बीच छीना झपटी भी हुई, बदमाशों ने कटटे की वट से सिर पर हमला किया और लाठी मारी जिसके बाद बदमाश रूपयों से भरा बैग छीनकर भाग गए।

घटना की कहानी यह है कि जिला मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर शाढ़ौरा कस्बे में गल्ले का व्यापार करने वाले नीरज साहू मण्डी में खरीदे गए माल का भुगतान करने के लिए अशोकनगर के पुरानी कृषि उपज मण्डी मार्ग पर आईसीआईसीआई बैंक से 20 लाख रूपए निकालकर शाढ़ौरा की ओर रवाना हुए थे। यह रूपयों से भरा बैग उन्होंने अपनी स्कूटी की डिग्गी में रख लिए थे। दोपहर 2 से 2:15 बजे के बीच वह बैंक से रवाना हुए और लगभग 2:30 बजे के बीच जब उनका स्कूटी वाहन अशोकनगर गुना मुख्य सड़क मार्ग पर रेलवे फाटक और नरसूखेडी गांव के बीच से गुजर रहा था। उसी दौरान 2 बाईक सवार पहले आगे आए और कहा कि कैसे वाहन चला रहे हो हमे साइट नहीं दे रहे। जिसके बाद उन बदमाशो ने उन पर डंडे से हमला किया जिसके बाद 2 बदमाश पीछे से दूसरी बाईक से आ गए। इसके बाद उन्होंने उनकी स्कूटी की डिग्गी तोड़ दी और 20 लाख रूपयों से भरा बैग निकाल लिया, जब मैने इसका विरोध किया तब वह मुझे मारपीट करते हुए सडक की साइड में ले गए। उसी दौरान उन्होंने कटटे की वट से मुझ पर हमला किया। इस दौरान सड़क मार्ग से कईं बाईक और फोर व्हीलर वाहन भी निकले लेकिन कोई उन्हें बचाने नहीं आया। इस दौरान बदमाश बैग छीनकर भाग गए।

### शाढ़ौरा मंडी में अनाज खरीदने के लिए रुपए लेकर जा रहा था व्यापारी

इस घटना की सूचना मिलने के बाद जिले में हड़कंप मच गया, शाढौरा में किसी व्यापारी के साथ 20 लाख रूपए की यह बड़ी घटना पहली बार सामने आई है। शाढ़ौरा के व्यापारी बड़ा पैमेंट लेने के लिए 15 किलोमीटर दूर अशोकनगर आते हैं। शाढ़ौरा मण्डी में बड़े व्यापारियों द्वारा 50-50 ट्राली माल की मण्डी में खरीद की जाती है। यह व्यापारी प्रतिदिन अशोकनगर में माल का भुगतान करने के लिए रूपए निकालने आते हैं। वुधवार को नीरज साहू जब रूपए निकालकर अपने घर लौट रहे थे तभी यह घटना हुई। इस घटना में व्यापारियों द्वारा लाखों रूपए बैंक से निकाल कर जोखिम उठाई जा रही है जिसका फायदा बदमाशों ने उठाया और इस घटना को अंजाम दिया। समझा जाता है कि बदमाशों ने घटना से पहले रैकी की होगी उसके बाद ही घटना को अंजाम दिया। नीरज साहू की शाढ़ौरा में व्यापारिक फर्म




स्वर्णिका एग्रो सेल्स के नाम से है। उनके द्वारा किसानो से माल भी खरीदा जाता है और आढ़त का काम भी किया जाता है। प्रतिदिन लाखों रूपए का भुगतान उनके यहां से होता है। वुधवार को भी शाढ़ौरा मण्डी में लगभग 500 क्विंटल अनाज की आवक हुई थी। घटना के बाद शाढ़ौरा के व्यापारियों में दहशत का माहौल है। घटना के बाद व्यापारियों की संस्था के अध्यक्ष राकेश शर्मा ने एसपी से मुलाकात की और घटना में लिप्त आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की।

### एसपी घटना को लेकर मौके पर पहुंचे

घटना के बाद एसपी राजीव कुमार मिश्रा मौके पर पहुंचे और उन्होंने घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस की कईं टीमें बनाई हैं। यह टीम बैंक से लेकर पूरे रास्ते मे जितने भी स्थानो पर कैमरे लगे हैं उन्हे खगालने में लगी है। इस घटना को पिछले दिनों खैजरा अटारी गांव के पूर्व सरपंच महेन्द्र सिंह यादव के यहां हुई लूट की घटना से जोड़कर देखा जा रहा है। इस मामले में अभी पुलिस उक्त घटना के आरोपियों की तलाश के साथ उनके यहां भी जानकारी जुटाने में लगी है। जिस जगह यह घटना हुई है यह दो जिलों को जोड़ने वाला मार्ग है। इसमें आरोपी पड़ौसी जिला गुना के आरोन और पड़ौसी जिला शिवपुरी की ओर भी भागने की संभावनाएं है। इस घटना को लेकर यह भी समझा जा रहा है कि इन बदमाशों को पहले से पता था किव्यापारी नगद रूपया निकालकर अशोकनगर से शाढ़ौरा आते हैं। उसी आधार पर यह लूट की घटना को अंजाम दिया गया है।

### शाढ़ौरा में एक मात्र राष्ट्रीयकृत बैंक

शाढ़ौरा तहसील मुख्यालय होने के साथ नगरपरिषद मुख्यालय है लेकिन यहां राष्ट्रीयकृत बैंक के नाम पर एक मात्र पंजाब नेशनल बैंक है। यहां बैंक में इतना पैसा नहीं रहता कि व्यापारियों को बैंक भुगतान कर पाए। इस कारण व्यापारियों ने अशोकनगर के राष्ट्रीयकृत बैंकों में अपने खाते खोल रखे हैं। जहां से उन्हें आसानी से लाखों रूपए की राशि निकालने में सुविधा रहती है। शाढ़ौरा में अगर और भी बैंक की शाखाएं हो तो व्यापारियों को सुविधा हो सकती है। जिले के कईं स्थानों पर इस तरह की बैंक शाखाएं न होने के कारण अन्य स्थानों पर जाकर लेन देन करना पड़ रहा है।

### तलाश की जा रही है

शाढ़ौरा के जिस व्यापारी के साथ यह लूट की घटना हुई है उस घटना के आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस टीम तैनात की गई है। सीसीटीव्ही कैमरों की मदद भी ली जा रही है। इस घटना में 4 आरोपी 2 बाईकों से आए थे उन्होंने व्यापारी नीरज साहू पर हमला किया और उसकी डिग्गी से रूपयों से भरा बैग निकाल ले गए हैं जिसमें 20 लाख रूपए होना बताए हैं। आरोपियों की तलाश जारी है, जल्द ही आरोपी पकड़े जाएगें। लूट की यह घटना गंभीर है। अटारी खेजरा में जो लूट की घटना हुई थी उसमें आरोपियों का पता चल गया है, जिनकी तलाश जारी है।

एसपी राजीव कुमार मिश्रा



### जिलेभर में पैदल गश्त के माध्यम से कानून व्यवस्था की मजबूत निगरानी

**अशोकनगर।** पुलिस अधीक्षक अशोकनगर द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि सभी थाना प्रभारियों एवं चैकी प्रभारियों द्वारा सायंकालीन समय एवं पीक आवर्स में पुलिस बल के साथ क्षेत्र का नियमित पैदल भ्रमण किया जाए तथा सार्वजनिकए व्यावसायिक एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर सतर्कता से निरीक्षण किया जाए। इन निर्देशों का उद्देश्य असामाजिक तत्वों में पुलिस का भय निर्मित करना एवं किसी भी विधि विरुद्ध गतिविधि को प्रारंभिक स्तर पर ही रोकना है। उक्त निर्देशों के पालन में जिले के समस्त थाना व चैकी क्षेत्रों में पुलिस अधिकारी एवं जवान फोर्स के साथ गश्त करते हुए सार्वजनिक स्थलों मुख्य बाजार, चैक.चैराहों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, पार्क एवं संवेदनशील गलियों को चेक कर रहे हैं। भ्रमण के दौरान आम नागरिकों से संवाद स्थापित कर सुरक्षा संबंधी जागरूकता भी बढ़ाई जा रही है तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। गश्त के दौरान पुलिसकर्मियों द्वारा होटल, ढाबों, लोडिंग अनलोडिंग क्षेत्रों, गोदामों तथा रात्रीकालीन गतिविधियों वाले क्षेत्रों की जांच कर असामाजिक तत्वों एवं अवैध गतिविधियों पर सतत निगरानी रखी जा रही है। अनावश्यक भीड़ या जमावड़े को हटाकर शांति व्यवस्था बनाए रखने की समझाइश दी जा रही है। जहां भी संदिग्धता पाई गईए वहां तत्काल पूछताछ एवं आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## कविता सेठ ने गायकी से श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध

# गीतों की मधुरता से सजी चंदेरी की सुहानी शाम




हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा जिला प्रशासन एवं सनसेट डेज़र्ट कैम्प के सहयोग से आयोजित चंदेरी इको रिट्रीट 2025 के तृतीय संस्करण के चैथे दिन टेंट सिटी संगीत की मधुरता से सराबोर हो उठी। सुप्रसिद्ध फिल्म गायिका कविता सेठ ने अपनी सुरीली आवाज़ में "इकतारा", "तुम ही हो बंधु", "जिंदगी ये जिंदगी", "राँझा" सहित कई लोकप्रिय गीत प्रस्तुत किए, जिनकी गूंज देर रात तक टेंट सिटी में सुनाई देती रही। ठंडी हवाओं के बीच उनकी भावपूर्ण प्रस्तुति ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। गीतों के बीच उनकी सहज बातचीत और शेर ओ शायरी के अंदाज़ ने पूरे वातावरण को और अधिक आत्मीय बना दिया। इस अवसर पर कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा कलाकारों का सम्मान किया गया।

### बुंदेलखंडी भोजन का अनूठा स्वाद

चंदेरी इको रिट्रीट में पहुंचे पर्यटक इन दिनों बुंदेलखंड के पारंपरिक भोजन का विशेष आनंद ले रहे हैं। टेंट सिटी में पर्यटकों को दाल बाटी, लड्डू, कढ़ी चावल, रायता जैसे स्थानीय व्यंजन परोसे जा रहे हैं। वहीं प्राणपुर ग्राम के भ्रमण के दौरान मेहमानों को ग्रामीण परिवेश में पारंपरिक बुंदेलखंडी भोजन का दोपहर भोजन कराया जा रहा है, जिसमें क्षेत्रीय स्वाद और संस्कृति का मनभावन संयोजन दिखाई देता है।

### चंदेरी साड़ी उद्योग का जीवंत अनुभव

चंदेरी के विश्व प्रसिद्ध साड़ी उद्योग की झलक दिखाने के लिए पर्यटकों को प्राणपुर गाँव में संचालित करघों और पारंपरिक बुनाई प्रक्रिया का प्रत्यक्ष अनुभव कराया जा रहा है। पर्यटक स्वयं अपनी आंखों के सामने चंदेरी साड़ी को बनते हुए देख रहे हैं और बुनकरों की पीढ़ियों से चली आ रही कला के प्रति गहरी रुचि व्यक्त कर रहे हैं।इसके साथ ही पर्यटकों को भारत का दूसरा सबसे बड़ा हैंडलूम पार्क भी दिखाया जा रहा है, जहाँ चंदेरी साड़ी के निर्माण की पूरी प्रक्रिया समझाई जाती है। यहाँ पर्यटकों को प्रसिद्ध चंदेरी साड़ियाँ खरीदने का अवसर भी मिलता है, जिससे स्थानीय बुनकरों और हैंडलूम कला को वैश्विक पहचान प्राप्त हो रही है।

### चंदेरी की ऐतिहासिक धरोहरों से रूबरू

चंदेरी इको रिट्रीट में आए आगंतुकों को चंदेरी के महत्वपूर्ण ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों का विस्तृत भ्रमण कराया जा रहा है।

## गीता ओलंपियाड की अखिल भारतीय परीक्षा में जिले के दो विद्यार्थी बने विजेता

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा गीता को घर-घर पहुंचाने के प्रयास किये जा रहे हैं। इसी तारतम्य में प्रदेश भर में गीता जयंती के भव्य कार्यक्रम प्रदेश भर में आयोजित किये गये।

इससे पूर्व विश्व गीता प्रतिष्ठानम्‌ संस्थान ने विद्यार्थियों के लिए तीन अलग-अलग वर्गों में गीता ओलंपियाड परीक्षाएं आयोजित की थी। इस परीक्षा में अशोकनगर के दो विद्यार्थियों ने भाग 2 की गीता ओलंपियाड की अखिल भारतीय परीक्षा में क्रमशः दूसरा एवं तीसरा स्थान प्राप्त कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। भाग 2 की परीक्षा जो कक्षा 9 से 12 के छात्रों के लिये आयोजित की थी उसमें शाढ़ौरा के द्रोपदी पब्लिक स्कूल की आदिवासी छात्रा रोशनी बरोदिया पुत्री रघुवीर आदिवासी निवासी ग्राम सेजी ने अखिल भारतीय स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त किया है। जबकि ज्योति ज्ञान मंदिर अथाईखेड़ा के छात्र कृष्णा शर्मा पुत्र राजीव शर्मा ने इसी वर्ग में तीसरा स्थान हासिल करके विद्यालय एवं जिले को गौरवान्वित किया है। रोशनी ने विद्यालयीन परीक्षा में, जिला स्तरीय परीक्षा, प्रांत स्तरीय परीक्षा, में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए उज्जैन में हुए अंतिम अखिल भारतीय परीक्षा में 61 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया।



इस होनहार आदिवासी छात्रा ने जिला अशोकनगर तहसील शाढोरा, द्रोपदी पब्लिक स्कूल शाढोरा और गीता ओलंपियाड परीक्षा के स्थानीय संचालक के नाम को रोशन किया है। इसी तरह कृष्णा शर्मा ने भी गीता ओलंपियाड की अखिल भारतीय परीक्षा में 60 अंक हासिल करके भाग 2 की श्रेणी में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। कृष्ण के पिता राजीव शर्मा एवं माता आशा शर्मा तथा कृष्णा स्वयं लगातार गीता पारायण में सक्रिय रहते हैं। इस परीक्षा में दोनों छात्रों को परितोषित स्वरूप राशि भी प्राप्त होगी जो उनके अभिभावकों के खाते में हस्तांतरित की जाएगी। प्रदेश स्तर पर भाग 1 की परीक्षा में स्वामी विवेकानन्द उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अशोकनगर की सृष्टि राजपूत पुत्री शिवराम सिंह राजपूत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। ज्योति ज्ञान मंदिर के पुष्कर बैरागी पुत्र सतीश बैरागी ने प्रदेश स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।




### राजपुर हायर सेंकेंड्री स्कूल में रक्त परीक्षण शिविर लगाया गया

**अशोकनगर।** बुधवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजपुर जिला अशोक नगर में स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा बच्चों का रक्त परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। जिसमें सभी 9 से लेकर 12 तक के छात्र-छात्राओं का रक्त परीक्षण किया साथ में समस्त स्टाफ का भी स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, बजन लिया गया और उनकी ऊंचाई नापी गई। साथ में इनको स्वास्थ्य संबंधी सलाई भी दी गई और उनको आवश्यकता अनुसार दवाई भी दी गई। इस अवसर में मुख्य रूप से डॉक्टर रॉबिंस बौद्ध लैब टेक्नीशियन धर्मेंद्र सिंह आरती धुर्वे नर्सिंग ऑफिसर देशराज लोधी अंकित यादव लैब टेक्नीशियन आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे एवं सहयोग के रूप में कक्षा 12 की सपना अहिरवार खुशी राजपूत संजय बिजौले मनीष करैया अजय बुंदेला गोलू गोलू अमर सिंह निगम जितेंद्र और समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। प्राचार्य दयाराम मोर्य ने सभी का आभार माना।

## समिति ने हेयर व स्किन की समस्या पर महिलाओं को जागरूक किया




हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

पंजाबी महिला विकास समिति ने महिलाओं की बढ़ती हेयर और स्किन संबंधी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए प्रसिद्ध मेकअप एवं ब्यूटी एक्सपर्ट नेहा अरोरा ब्यूटी सैलून) को आमंत्रित किया। कार्यक्रम के दौरान नेहा अरोरा ने रोजाना की स्किन केयर रूटीन से जुड़ी कई महत्वपूर्ण विषयों पर सरल और उपयोगी जानकारी दी और उनके समाधान भी बताएं ,जिसका सीधा लाभ सबको मिल सके।

इस सेशन में महिलाओं ने अपने प्रश्न पूछे जैसे उम्र के अनुसार त्वचा की देखभाल कैसे करें ,मौसम बदलने पर बालों की सुरक्षा कैसे करें, घरेलू उपाय कितने कारगर है और कौन से प्रोडक्ट उनकी त्वचा के लिए उपयुक्त रहेंगे नेहा अरोरा ने सब सवालों के जवाब दिए और सही लाइफस्टाइल आहार और स्वच्छता के महत्व पर भी प्रकाश डाला। समिति की अध्यक्ष गायत्री अरोरा ने बताया कि महिलाओं के स्वास्थ्य आत्मविश्वास को बढ़ावा देने के लिए ऐसे कार्यक्रम बेहद आवश्यक है और समिति आगे भी समय-समय पर इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करती रहेगी जिसका अधिक से अधिक महिलाओं को लाभ हो। समिति की ओर से कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु मेकअप आर्टिस्ट नेहा अरोरा को शील्ड और उपहार देकर सम्मानित किया गया। समिति की सभी महिलाओं ने मिलकर नाश्ता किया ।इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समिति की अध्यक्ष गायत्री अरोरा के साथ सचिव मीता सदाना, सुषमा, सुनीता, अनु, रानी सोनिया, निशी कांता, मोना, रिंकी वैशाली, पूनम भारती, रिचा आदि अनेक सदस्यों ने अपना सहयोग दिया।

## लखपति दीदी इनिशिएटिव अंर्तगत सीआरपी कार्यशाला सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश कुमार जैन के मुख्य आतिथ्य में बुधवार को सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र शंकरपुर में लखपति दीदी इनिशिएटिव कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तरीय सीआरपी कार्यशाला आयोजित की गई।कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश कुमार जैन द्वारा बताया की कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य लखपति दीदियों को विभिन्न प्रकार की उद्यमों एवं गतिविधियों से जोड़कर लखपति से करोड़पति बनाना है जिसके लिए सभी विभाग मिल कर कार्ययोजना तैयार कर काम करेंगे। जिससे समूह सदस्यों को आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त बनाया जा सके। जिले में उद्योग विभाग, कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी, मत्स्य पालन विभाग एवं समस्त लाइन डिपार्टमेंट अपनी अपनी विभाग की योजनाओं से महिला स्व सहायता समूहों को अधिक से अधिक संख्या में लाभान्वित कराए। साथ ही हर ग्राम पंचायत में एक एक महिला उद्यमी का चिन्हांकन कर उद्योग स्थापित कराए जाने हेतु निर्देशित किया।

## पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव की पत्रिका का हुआ विमोचन

# 'हमारे लिए खुद की पहचान बनाना चाहिए, स्वयं का मूल्यांकन करें'

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

मुनिश्री सुधासागर जी महाराज ने अशोकनगर में धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे लिए अपनी खुद की अहमियत पहचान का ध्यान रखना चाहिए कि तुम अपनी दृष्टि में क्या हो। जब तक व्यक्ति अपना स्वयं का मूल्यांकन नहीं करता उसे अपनी अहमियत का ऐहसास ही नहीं होता।

उन्होंने कहा कि दुनिया मेरी जिंदगी का मूल्यांकन करें मैं बहुत मूल्यवान वस्तु हूं जव में मूल्यवान कहता है तो ऐसा न हो कि तुम्हें मूल्यांकन समझाकर तुम्हारे यहां कोई आये ही न इसलिए आचार्य श्री कुन्द कुन्द स्वामी ने कहा कि जहां उन्होंने कहा था कि तू भगवान चेतन्य घन स्वरूप आत्मा हूं ऐसा सुनकर लोगो ने आपकी दुकान पर आना ही वंद कर दिया। अपनी





वस्तु की कीमत घोषित करने के पहले जरा बाजार के भाव को देख तुम अपने आप को भगवान घोषित कर रहे हो जरा अपने आप को देखो पहले भगवान का स्वरूप देखो भगवान के लक्षण देखो ऊंची दुकान और फीके पकवान जैसी स्थिति नहीं बनाना हमारे पास राग द्वेष बहुत है यदि तुम्हारे पास राग द्वेष की एक भी कड़किा है तो तुम अपने आप को प्रभु के समकक्ष नहीं हो सकते मार्ग तो यही है यही से चल कर आप भगवान वन सकते हैं लेकिन इसकेलिए आपको आप को झोंकना होगा।

### संसार में तुम्हें कोई छोड़ना नहीं चाहता

उन्होंने कहा कि संसार में तुम्हें कोई छोड़ना नहीं चाहता आप अपने बेटे को थोड़ी सी छूट दे दी और यदि उसने छूट का फायदा उठाकर जो तुम्हारे लिए जो नहीं करना था वह कर दिया। आज यह मंच पर बैठे हैं ऐलक जी महाराज आपको देखकर कैसा लग रहा है हम ख़ुद घर से भाग कर आए आप ही बताइए भ इया आपको कैसा लग रहा है यही तो वह बात है कि दुनिया यहां दीवानी हो कर आती है और खुशी खुशी जाती है।

### पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव की पत्रिका का हुआ विमोचन

इस दौरान श्रीमद् जिनेन्द्र पंच कल्याणक महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ एवं गजरथ महोत्सव की मुख्य पत्रिका का विमोचन जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल उपाध्यक्ष अजित वरोदिया, प्रदीप तारई, राजेन्द्र अमन महामंत्री राकेश अमरोद कोषाध्यक्ष सुनील अखाई मंत्री शैलेन्द्र श्रागर मंत्री विजय धुर्रा मंत्री संजीव भारिल्य मीडिया प्रभारी अरविंद कचनार आडिटर संजय के टी संयोजक मनोज रन्नौद उमेश सिघई मनीष सिंघई श्रेयांसघैला थूवोनजी अध्यक्ष अशोकजैन टींगूमिल महामंत्री मनोज भैसरवास विपिन सिंघई समन्वय ग्रुप के साथियों सहित अन्य प्रमुख जनो दारा किया गया।

### विद्युत वितरण कंपनी की लाइट शिफ्टिंग सहित एजेंसी को भुगतान न होना बड़ी वजह

# कछुआ गति से रेंग रहा 14 करोड़ रु के नर्सिंग महाविद्यालय का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में पीआईयू (प्रोजेक्ट इम्प्लीमेन्टेशन यूनिट) द्वारा बनवाए जा रहे मेडीकल कॉलेज निर्माण कार्य ने भलेंही तेज गति पकड़ ली हो लेकिन समीप ही निर्मित किए जा रहे नर्सिंग कॉलेज का काम बेहद धीमी गति से चल रहा है। पीआईयू द्वारा निर्धारित एजेंसी ने अप्रेल 2025 में इस कॉलेज का निर्माण आरंभ किया था लेकिन 9 माह बीत जाने के बाद भी काम में उतनी प्रोग्रेस मौके पर नजर नहीं आ रही है जितनी हो जानी चाहिए थी।

नर्सिंग कॉलेज का निर्माण कार्य धीमी गति से चलने की दो बड़ी प्रमुख वजहें भी सामने आई हैं। दरअसल, जिस निर्माण एजेंसी ने करीब 14 करोड़ 79 लाख रुपए लागत वाले इस प्रोजेक्ट का टैंडर लिया है उसे विभाग द्वारा अभी तक एक धेले का भी भुगतान नहीं किया गया है। भुगतान के साथ ही निर्माण स्थल के ऊपर से गुजर रही विद्युत विभाग की हाईटेंशन लाईन की शिफ्टिंग भी अभी तक न हो काम गति नहीं पकड़ पा रहा है। कुछ दिनों पहले विद्युत वितरण कंपनी ने लाईन शिफ्टिंग कार्य का शेड्यूल भी तय किया था लेकिन लाईनों का यह शिफ्टिंग कार्य अभी पूरी तरह से नहीं हो पाया है।

## निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज के समीप ही बन रहा है यह नर्सिंग महाविद्यालय

### एजेंसी को नहीं हुआ अभी तक कोई भुगतान


सूत्रों के अनुसार पीआईयू ने जिस निर्माण एजेंसी को नर्सिंग कॉलेज निर्माण का ठेका दिया है उसके द्वारा करीब डेढ़ करोड़ का कार्य करवाने के उपरान्त विभाग को बिल सब्मिट कर दिए गए हैं। इसके बावजूद विभाग ने एजेंसी को अभी तक कोई पेमेंट नहीं किया है। यही कारण है कि पेमेंट न होने से संबंधित ठेकेदार भी काम में लेटलतीफी करता नजर आ रहा है।

### केंद्र और राज्य सरकार दोनों का लग रहा पैसा

आपको बतादें कि नर्सिंग महाविद्यालय का निर्माण मेडीकल कॉलेज की तरह ही केंद्र सरकार द्वारा प्रवर्तित है। निर्माण लागत का 60 फीसदी हिस्सा केंद्र सरकार और 40 प्रतिशत हिस्सा राज्य सरकार वहन करती है। ऐसे में किस केंद्र या राज्य किस मद की राशि अटकी हुई है, इस बारे में स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई है।

### मेडिकल कॉलेज निर्माण ने अलबत्ता पकड़ी गति

संकट मोचन बड़ली एरिए के जिस विशाल क्षेत्र में मेडीकल कॉलेज (चिकित्सा महाविद्यालय) का निर्माण कार्य चल रहा है, शुरूआत में उस काम की गति भी बेहद धीमी थी। तय समय से करीब 2 साल लेट चल रहे मेडीकल कॉलेज के निर्माण अब कहीं जाकर तेज गति से शुरू हो चुका है। निर्माण एजेंसी द्वारा लेबर सहित अन्य संसोधनों की संख्या बढ़ा दिए जाने से इस काम में अलबत्ता काफी प्रोग्रेस नजर आ रही है।



### खास-खास

| | | |
|---|---|---|
| निर्माण कार्य | : | नर्सिंग महाविद्यालय |
| कहां बन रहा | : | संकट मोचन क्षेत्र |
| लागत | : | 14 करोड़ 79 लाख |
| क्षेत्रफल | : | 25 हजार स्क्वायर फीट |
| कितनी मंजिल | : | 02 मंजिला |
| छात्रावास | : | 05 मंजिला |

### शीघ्र भुगतान कराया जाएगा

मैने 2 महीने पहले ही जिले में कार्यभार सम्हाला है। उसके बाद मेडिकल कॉलेज निर्माण की प्रोग्रेस आप देख ही रहे होंगे। नर्सिंग कॉलेज निर्माण में हाईटेंशन लाइन जल्द हटाने हम विद्युत विभाग से सतत संपर्क में है। निर्माण एजेंसी का पेमेंट भी जल्द करवाया जाएगा।

**ज्ञानदीप भूमरकर,**
कार्यपालन यंत्री(भवन), पीडब्ल्यूडी, राजगढ़

### पीछे से कार को टक्कर मारने वाली बस ने दुर्घटना के बाद ऑनलाइन लिया टीपी और भरा टैक्स

आरटीओ की अनदेखी से सड़कों पर बिना कागज पूरे किए ही दौड़ रही हैं गाड़ियां

# बिना परमिट और टैक्स के फर्राटे भर रही थी प्रज्ञा बस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

मंगलवार को दोपहर में ब्यावरा से पचोर हाइवे पर 2 को गंभीर एवं 12 यात्रियों को घायल करने वाली प्रज्ञा बस की सच्चाई यह है कि कार को पीछे से टक्क्र मारने के बाद हुई दुर्घटना के समय तक न ही तो उसके पास परमिट था और न ही टैक्स ही जमा किया गया था। साथ ही पीयूसी भी एक्सपायर हो चुका था ऐसे हालातों में यह मौत की बस सडकों पर कैसे दौड रही थी और आरटीओ कैसे अपनी ऑखें मूंदे जिले में कार्रवाई का हवाला देते रहते है। सडकों पर खडें होकर सिर्फ स्कूली बसों पर कार्रवाई कर वाहवाही लूटने वाले आरटीओ को


12 फीट चौड़े डिवाइडर से उछलकर बस पहुंची दूसरी लेन
बस ने कार को पीछे से मारी ट
12 यात्री घायल, 2 शाजापुर रे
संदेह के घेरे में आरटीओ क
बिना परमिट बस फिर दौड़ी

सडकों पर दौडती यह मौत की यात्री बसें क्यों दिखाई नहीं देती । हरिभूमि ने पूर्व में भी सडकों पर बिना कागजों के दौडती बसों व गाडियों का जिक्र किया था परंतु आरटीओ के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी।

**दुर्घटना के बाद भरा टैक्स-** प्रज्ञा बस सर्विस द्वारा कार को पीछे से टक्कर मारने के बाद सबसे पहला काम उन्होने ऑनलाइन टैम्प्रेरी परमिट लिया जो सिर्फ एक ही दिन के लिए लिया गया। मतलब दुर्घटना के दिन मंगलवार 2 दिसंबर को ही आवेदन किया और उसी दिन एक दिन के लिए ही टीपी जारी हो गया परंतु जारी होने का समय दुर्घटना के बाद का होने से मामला बिगड रहा है। यही हाल टैक्स भरने का है आनन -फानन में प्रज्ञा बस एमपी 09 एफए 3815 का 11648 टैक्स भी भरा गया जिसका समय भी दुर्घटना होने के बाद का होने से सच सामने आया है कि आरटीओ की लापरवाही से मौत की यात्री बसे सडकों पर दौड रही है।

## संविधान पर परिचर्चा कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**ब्यावरा।** इस कार्यक्रम में प्रभारी के तौर पर अमित बंसल एवं विशेष अतिथि के रूप जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह मौजूद रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 1 बजे हुआ जो की 2 घंटे तक लगातार चला।

इस बीच वक्ताओं ने संविधान की प्रासंगिकता एवं उसके परिपालन पर अपने विचार रखें आजादी के संघर्ष और उसके बाद के संविधान के निर्माण के प्रसंग को बताते हुए वक्ताओं ने संविधान की की वर्तमान में प्रासंगिकता को लेकर मौजूद जन मानस एवं पार्टी कार्यकर्ताओं से चर्चा की। उल्लेखनीय है कि संविधान पर परिचर्चा कार्यक्रम संपूर्ण राजगढ़ जिले में प्रत्येक मंडल स्तर पर आयोजित किया जाना है इसी श्रृंखला में शहर कांग्रेस कमेटी एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ब्यावरा द्वारा स्थानीय पीपल चैराहे पर बुनियादी पाठशाला मंडलम भवरगंज मंडलम और जगत चैक मंडलम की बैठक आयोजित की गई।

### अंर्तविभागीय समन्वय को बढ़ावा देने आयोजित हुआ था क्रिकेट मैच

# मैत्री मैच के मैदान में प्रशासनिक टीम ने प्रोफेसरों की टीम को दी पटखनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



जिले में अंर्तविभागीय समन्वय को बढावा देने के उद्धेश्य से बुधवार को प्रशासनिक अधिकारियों एवं कॉलेज के प्राध्यापकों के बीच क्रिकेट का मैत्री मैच आयोजित किया गया। इस मैत्री मैच में प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों की टीम ने कॉलेज के प्रोफेसरों की टीम को बड़े अंतर से हरा दिया। मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रशासनिक टीम के प्लेयर नायब तहसीलदार ऋषभ परतेती 'मेन ऑफ द मैच' घोषित किए गए। उनकी निर्णायक पारी के चलते प्रशासनिक टीम को सफलता हाथ लगी। इस आयोजन में जिला पंचायत सीईओ इच्छित गढ़पाल, डिप्टी कलेक्टर सुश्री ज्योति राजोरे ने उपस्थित रहकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और मैत्री मेच को स्वस्थ कार्य-संस्कृति का प्रभावी माध्यम बताया।

जिला पंचायत सीईओ श्री गढ़पाल ने बताया कि ऐसे आयोजन विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय और सामंजस्य स्थापित करते हैं। साथ ही यह एक ऐसा मंच प्रदान करते हैं, जहाँ अधिकारी और प्राध्यापक अनौपचारिक वातावरण में एक-दूसरे को बेहतर समझ पाते हैं।

# प्रशासन ने सफाई कर्मचारियों की मांगों को माना और अपनी हड़ताल कर दी समाप्त

**सारंगपुर।** नगर पालिका में पिछले कई दिनों से चल रही सफाईकर्मियों की हड़ताल आखिरकार बुधवार को समाप्त हो गई। कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देश पर एसडीएम रोहित बम्होरे ने नगर पालिका पहुंचकर हड़ताली सफाईकर्मियों से चर्चा की और उनकी प्रमुख मांगों को स्वीकार किया। प्रशासन द्वारा सकारात्मक आश्वासन दिए जाने के बाद सफाईकर्मियों ने हड़ताल समाप्त कर पुनः कार्य पर लौटने का निर्णय लिया।

हड़ताल के कारण नगर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई थी। नागरिकों को गंदगी और कचरे की समस्या का सामना करना पड़ रहा था। इस स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन हरकत में आया और बुधवार को एसडीएम ने स्वयं मौके पर पहुंचकर हड़ताली कर्मियों से संवाद किया। सफाईकर्मियों ने बताया कि 43 स्थायी सफाईकर्मियों को हटाए जाने के आदेश से कर्मचारियों में आक्रोश था। इसी को लेकर वे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे थे। एसडीएम बम्होरे ने कर्मचारियों से उनकी समस्याओं को विस्तार से सुना और आश्वस्त किया कि उनकी मांगों का समाधान



प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। बातचीत के दौरान उन्होंने साफ किया कि नगर की सफाई व्यवस्था जनता की बुनियादी जरूरत है, इसलिए हड़ताल खत्म कर सभी कर्मचारियों को तुरंत काम पर लौटना चाहिए। प्रशासन की इस समझाइश और मांगों के स्वीकार होने के बाद सफाईकर्मियों ने सहमति जताई। नगर पालिका प्रशासन ने भी कर्मचारियों की बात मानते हुए 43 सफाईकर्मियों को पुनः कार्य पर लगाने का निर्णय लिया। निर्णय मिलते ही कर्मचारियों में राहत की भावना देखी गई। हड़ताल समाप्त होने के बाद गुरुवार से नगर में नियमित सफाई कार्य शुरू होने की उम्मीद है।

### सीएम हेल्पलाइन एवं टीएल में लापरवाही पर कार्यवाही

# 12 विभाग प्रमुखों पर 2-2 हजार का जुर्माना, रेडक्रॉस में करेंगे राशि जमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की ग्रेडिंग में खराब प्रदर्शन एवं समय-सीमा बैठक में दिए गए निर्देशों के पालन में लापरवाही पर कलेक्टर ने 12 विभाग प्रमुखों पर 2-2 हजार रुपए की शास्ति अधिरोपित की है। इसके साथ ही लोक सेवा गारंटी अंतर्गत तय सीमा से बाहर हुई शिकायतों पर माचलपुर नगर परिषद समेत एक दर्जन से अधिक ग्राम पंचायतों पर 1-1 हजार की शास्ति अधिरोपित करने के निर्देश प्रदान किए गए हैं।

जुर्माना एवं शास्ति से प्राप्त राशि रेडक्रॉस मद में जमा करवाई जाएगी। सीएम हेल्प लाईन की शिकायतों का समय सीमा में निराकरण नहीं करने पर तलेन नगर परिषद सीएमओ लीलधर सेन, जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री जे.के ठाकुर, एनएचएम के डॉ. नितिन पटेल, पांड चिकित्सा अधिकारी हिमांशु मीणा, जल निगम के डिप्टी मेनेजर रवि यादव पर 2-2 हजार रुपए का जुर्माना लगाते हुए समस्त शिकायतों का त्वरित निराकरण करवाने के तल्ख निर्देश प्रदान किए। इसी तरह अनुसूचित जाति कल्याण विभाग, जेल विभाग, परिवहन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, किसान कल्याण एवं कृषि विभाग, मत्स्य विभाग के अधिकारियों पर भी 2-2 हजार की शास्ति अधिरोपित कर रेडक्रॉस में जमा करवाने के निर्देश प्रदान किए।

**लापरवाही पर नप एवं पंचायतों पर भी कार्यवाही-** इसी प्रकार लोक सेवा गारंटी अंतर्गत समय सीमा से बाहर शिकायतों में नगर परिषद माचलपुर, वार्ड ग्राम पंचायत कालीतलाई जनपद पंचायत राजगढ़, ग्राम पंचायत बांकपुरा, ग्राम पंचायत सांकाजागीर जनपद नरसिंहगढ, ग्राम पंचायत देहरीकराड, ग्राम पंचायत खजुरी गोकुल जपं खिलचीपुर, ग्राम पंचायत धामन्याजोगी जपं खिलचीपुर, ग्राम पंचायत मोकमपुरा जपं खिलचीपुर, ग्राम पंचायत बोरकापानी जपं खिलचीपुर, ग्राम पंचायत गोरधनपुरा एवं ग्राम पंचायत कांकरिया पर योजना विभाग द्वारा 1-1 हजार रूपये शास्ति अधिरोपित करने के निर्देश दिए।

### विश्व दिव्यांग दिवस पर आयोजित हुईं विविध प्रतियोगिताएं

# दिव्यांगजन व खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़




विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर दिव्यांगजनों सहित अन्य खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों, प्रतिभा एवं आत्मनिर्भरता के लिए प्रशासन द्वारा सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। स्थानीय स्टेडियम ग्राउण्ड पर निबंध लेखन, चित्रकला, स्लोगन प्रतियोगिता तथा विशेष जागरूकता गतिविधियाँ कराई गईं जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

"समावेशन और समान अवसर सबका अधिकार" अंतर्गत दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण, अधिकारों के संरक्षण एवं सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा द्वारा प्रमाणपत्र, पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम के समापन पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कहा कि दिव्यांगजन समाज का अभिन्न अंग हैं तथा उन्हें मुख्यधारा में सम्मिलित करते हुए शिक्षा, रोजगार एवं सम्मानजनक जीवन हेतु सभी आवश्यक अवसर प्रदान करना हमारा दायित्व है। इस दिशा में शासन द्वारा विभिन्न कल्याण कारी योजनाएँ संचालित की जा रही हैं। इस अवसर पर अध्यक्ष जनपद पंचायत फूलसिंह तंवर, नपाध्यक्ष विनोद साहू, सांसद प्रतिनिधि मनोज हाड़ा आदि मौजूद थे।

### पौधरोपण, तार फेंसिंग और खाद-बीज कार्य पूर्ण करने पर हितग्राहियों को मिलेगा तत्काल भुगतानः एसडीओ



**सारंगपुर।** मध्य प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई 'मां की बगिया' योजना ग्रामीण क्षेत्रों में वृक्षारोपण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है। इस योजना के तहत स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से हितग्राहियों का चयन किया गया है। सारंगपुर जनपद पंचायत में अब तक 100 से अधिक हितग्राही चयनित किए जा चुके हैं, जिन्हें मां की बगिया के नाम पर पौधरोपण का कार्य सौंपा गया है। योजना को तेज गति से धरातल पर उतारने के लिए जनपद पंचायत सीईओ हेमेंद्र गोविल तथा एसडीओ कृपाल पोरवाल द्वारा लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। दोनों अधिकारियों ने अधीनस्थ पंचायत अमले को निर्देशित किया है कि पात्र हितग्राहियों के आवश्यक दस्तावेज तुरंत जनपद में उपलब्ध कराए जाएँ, जिससे कार्य समय पर प्रारंभ हो सके। सारंगपुर जनपद में सबसे अधिक हितग्राही चिन्हित होने के कारण यहां योजना का कार्य बड़े पैमाने पर चल रहा है।

### जिले में 96.74 फीसदी हुआ डिजिटाइजेशन

**विदिशा।** जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य तेजी से जारी है। गहन पुनरीक्षण का कार्य लक्ष्य के करीब पहुंच रहा है। जिले में दो दिसम्बर की दोपहर 12 बजे तक 96.74 फीसदी मतदाताओं के गणना पत्रक डिजिटाइज्ड किए जा चुके हैं। विदिशा जिले में मतदाताओं की कुल संख्या 1120532 है जिसमें से तीस नवम्बर की दोपहर दो बजे तक 1084051 मतदाताओं के गणमना पत्रक डिजिटाइज्ड किए जा चुके हैं।

**REQUIRED**

For Reputed Construction Company Of Central India Require Following Key Persons For Their Projects In M.P.

- Accountant – 05 No's.
- Computer Opp. – 05 No's.
- Highway Engineer – 02 No's
- Bridge Engineer – 02 No's
- Quantity Surveyor – 02 No's (Auto Plotter, Road Estimator)

Minimum Experience: 3 to 5 years Attractive Salary

Interested candidates may send their CV to: Email: rajlaxami_db@yahoo.com

Or contact:
**M/s Rajlaxami Dev Build India Pvt. Ltd.**
Add: Sanjay Sagar Road, Vill. Awan, Tehsil Raghogarh, Distt. Guna (MP)- 473226
Ph: 8770650620

### अकेले राजगढ़ जिले में 6 लाख तक होगा निजी कंपनी वास्को का बिल

# सिविल सर्जन के आदेश के बाद 50 प्रतिशत कम हुई सीटी स्कैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

जिला अस्पताल में वास्को कंपनी द्वारा लगाई गई सीटी स्कैन मशीन द्वारा जहां प्रत्येक माह मरीजों के सीटी स्कैन 10-12 लाख का बिल बनता रहा है जिसका भुगतान सरकार खजाने से होता रहा है परंतु सिविल सर्जन डॉ रजनीश शर्मा द्वारा मरीजों के स्वास्थ्य व सरकार के खजाने को ध्यान में रखते हुए पिछले दिनों सीटी स्कैन प्रभारी को आदेश जारी किया गया जिसमें बिना विशेषज्ञ डॉ या जरूरी होने पर ही सीटी स्कैन किया जाए।

प्रत्येक मरीज को स्कैन फिल्म दिया जाना सुनिश्चित किया जाए। उल्लेखनीय है कि कई मरीजों को वास्कों सीटी स्कैन द्वारा फिल्म नहीं दी जाती थी ऐसी शिकायतें भी मिली थी। वहीं सीटी स्कैन को लेकर जागरूक होना भी जरूरी है जिसको लेकर सिविल सर्जन द्वारा जल्द ही सीटी स्कैन से होने वाली हानियों के बारे में अस्पताल में प्रचार-प्रसार पर भी जोर दिया जावेगा जिससे मरीजों के स्वास्थ्य को सुनिश्चित किया जा सके।

## एक्सपर्ट बोले - 10-15 साल में आएंगे कैंसर जैसे घातक परिणाम




### सरकार के 72 लाख की होगी बचत

यदि सिविल सर्जन के आदेश को आधार माना जाए तो पिछले 15 दिनों में वास्को कंपनी द्वारा की जा रही सीटी स्कैन में 50 प्रतिशत की कमी आई है तो यह आंकडा उनके मासिक बिल राशि 10-12 लाख के हिसाब से 5-6 लाख प्रतिमाह रह गया। इससे शासन को एक साल में एक ही जिले से 72 लाख की बचत होगी जो की फिजूल तरीके से सीटी स्कैन कर की जा रही थी।

### जवाहर नेहरू कैंसर हॉस्पिटल एवं रिर्सच सेंटर के एचओडी बोले सीटी स्कैन रेडीएशन से मरीजों में कैंसर का खतरा



यदि किसी मरीज की सीटी स्कैन की जाती है तो उसमें 100 एक्स-रे के बराबर रेडिएशन का खतरा होता है ऐसे में यदि किसी मरीज को साल भर में 4-5 बार सीटी स्कैन से गुजरना पडें तो उसको भविष्य में कैंसर जैसी बिमारी होने की प्रबल संभावना हो जाती है। यह बात भोपाल के प्रतिष्ठित कैंसर संस्थान जवाहर नेहरू कैंसर हॉस्पिटल एंड रिर्सच सेंटर के मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट एचओडी डॉ विजय भार्गव ने हरिभूमि को बताई उन्होने यह भी बताया कि कोरोना महामारी से संक्रमित रहे व्यक्ति पर सीटी स्कैन रेडिएशन का खतरा कई गुना ज्यादा है परंतु इस रेडिएशन के गंभीर परिणाम आने में 10-15 साल का समय लग जाता है।

### वास्को ने लगाई कम क्षमता की सीटी मशीन

वास्को कंपनी द्वारा राजगढ जिला अस्पताल में की जा रही सीटी स्कैन पर भी एक्सपर्ट का कहना है कि कई बार जिले में की जा रही सीटी स्कैन किसी काम की नही होती क्योंकि उनकी स्कैन केपिसिटी इतनी कम होती है सही है डायग्नोस नहीं हो पाता ऐसी स्थिती में हमें दुबारा मरीज का सीटी स्कैन हाईकॉन्ट्रॉस्ट पर करना होता है। जिससे मरीज को लगातार सीटी स्कैन के रेडिएशन का सामना करना पडता है।

**कर्यालय वनमंडलाधिकारी सामान्य वनमण्डल राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.**

**जाहिर सूचना**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती कमरून बी पति स्व. शहजाद अली निवासी वार्ड नं 12 नानाजी आरामशीन डग रोड जीरापुर तहसील जीरापुर जिला राजगढ़ द्वारा इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि उनके पति स्व. शहजाद अली पिता फकीर अली निवासी जीरापुर तहसील जीरापुर जिला राजगढ़ के नाम पर एक आरामशीन भारत बटाला 10 हार्स पावर विद्युत चालित अनुज्ञप्ति क्रमांक/ आरामिल / 2024/103 दिनांक 11.12.2024 (अवधि वर्ष 2024 से 2026 तक) पंजीकृत होकर नवीनीकृत है जो जीरापुर में निजी भूमि खसरा नं. 80/1/1 रकबा 0.910 हे. पर स्थापित होकर संचालित है। उनके पति स्व. शहजाद अली पिता फकीर अली निवासी जीरापुर तहसील जीरापुर जिला राजगढ का दिनांक 26.11.2024 को आकस्मिक निधन हो गया है तथा उनके परिवार में वे स्वयं एवं 02 पुत्र तथा 03 पुत्रिया है तथा दोनो पुत्र उनके साथ में रहकर आरामशीन संचालन का काम करते है तथा तीनो पुत्रियो की शादी हो गई वे अपने ससुराल में रहती है। उनकी उम्र अधिक होने, बीमार रहने व चलने फिरने में असमर्थ होने के कारण वे उक्त आरामशीन का नामांतरण अपने दोनो पुत्रो 1- शमशाद अली 2- शहदाब अली सर्व पिता स्व. शहजाद अली निवासी जीरापुर तहसील जीरापुर जिला राजगढ़ के नाम कराना चाहती है। नामांतरण के संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को कोई भी आपत्ति हो तो जाहिर सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिकर्ता के नाम से अपनी आपत्ति इस कार्यालय में उपस्थित होकर दर्ज करा सकते है। सूचना प्रकाशन के 15 दिवस पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जायेगी एवं उक्त आरामशीन का नामांतरण 1- शमशाद अली 2 शहदाब अली सर्व पिता स्व. शहजाद अली निवासी जीरापुर तहसील जीरापुर जिला राजगढ के संयुक्त नाम पर कर दिया जावेगा ।

**वनमंडलाधिकारी**
**सामान्य वनमण्डल राजगढ़**